दिन–शुक्रवार	दिनांक– 04 / 09 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

गंगा, पुनपुन, गंडक, बूढ़ी गंडक, सोन और कोसी समेत प्रदेश की सभी प्रमुख नदियों के उफान से कई जिलों में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। नदियों के तटवर्ती और निचले इलाकों में पानी फैलने से जन–जीवन प्रभावित हुआ है। कई जगहों पर सड़कों पर पानी आ जाने से आवागमन भी बाधित है। बाढ़ से घिरे गांवों के लोग सुरक्षित और ऊंचे स्थानों पर शरण ले रहे हैं। पटना में दीघा से दीदारगंज तक गंगा किनारे बसे कई मोहल्लों में पानी पहुंच गया है। दीघा क्षेत्र की बिंद टोली में बाढ़ का पानी घुसने से हजारों लोग विस्थापित हुए हैं। पटना के धनरुआ में तटबंध टूटने से सैकड़ों एकड़ में लगी फसल डूब गई है। बेगूसराय में दो रिंग बांधों में रिसाव की सूचना है। बक्सर और भागलपुर में गंगा के कई घाट पानी में डूब गए हैं। वहीं, सरयू का पानी छपरा शहर के कुछ हिस्सों में प्रवेश कर गया है। भोजपुर जिले की 40 ग्राम पंचायतें बाढ़ से घिरी हैं। वैशाली जिले के छह अंचल बाढ़ से प्रभावित हैं। इधर, पश्चिम चंपारण के योगापट्टी और मधुबनी प्रखंड के कई गांव भी बाढ़ की चपेट में हैं। इस बीच, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज बाढ़ प्रभावित प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करेंगे। साथ ही मुख्यमंत्री बाढ़ से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा के लिए अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक भी करेंगे।

———————————————————————

मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में रूक–रूक कर बारिश हो रही है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान अररिया के रानीगंज में सबसे अधिक इक्यावन मिलीमीटर बारिश हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की सम्भावना है। वहीं, राज्य के कई हिस्सों में आंधी के साथ वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है।

———————————————————————

भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में एक और बड़ी सफलता हासिल की है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो ने आज सुबह श्रीहरिकोटा से जी.एस.एल.वी– एफ–सत्रह रॉकेट के जरिए पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ई.ओ.एस–फाईव का सफल प्रक्षेपण किया।

इसरो अध्यक्ष वी. नारायणन ने कहा कि यह मिशन भारत की पृथ्वी अवलोकन क्षमताओं को और मजबूत करेगा।

——————————————————————

प्रदेश में छब्बीस औद्योगिक परियोजनाओं में पांच सौ पांच करोड़ सत्ताईस लाख रुपये के निवेश का प्रस्ताव है। बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण– बियाडा की प्रोजेक्ट क्लियरेंस कमेटी ने इन परियोजनाओं के लिए तैंतीस एकड़ से अधिक औद्योगिक भूमि आवंटित करने की मंजूरी दी है। उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने बताया कि इन परियोजनाओं से लगभग पांच हजार लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। स्वीकृत परियोजनाओं में खाद्य प्रसंस्करण, टेक्सटाइल, लेदर गारमेंट्स, पशु आहार तथा सामान्य विनिर्माण शामिल हैं।

——————————————————————

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार आज पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। राज्यभर के मठ–मंदिरों को फूलों और रोशनी से सजाया गया है। पटना के इस्कॉन मंदिर में नाम संकीर्तन और भगवान श्रीकृष्ण का दो सौ इक्यावन चांदी के कलशों से विशेष अभिषेक किया जा रहा है। मीठापुर के गौड़ीय मठ में देवकी गर्भ–स्तुति और सामूहिक पाठ का आयोजन किया गया है। रात्रि बारह बजे मंदिरों में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया जायेगा। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेनानिवृत सैयद अता हसनैन, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार, विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कृष्ण जन्माष्टमी की प्रदेशवासियों को बधाई दी है।

——————————————————————

बिहार ओलंपिक संघ ने पांच से बारह सितंबर तक प्रस्तावित बिहार स्टेट गेम्स दो हजार छब्बीस को तकनीकी और अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया है। संघ के अध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता अब सितंबर के अंतिम सप्ताह से अक्टूबर के पहले सप्ताह के बीच आयोजित होने की संभावना है।

——————————————————————

नाबालिग बच्चियों से कथित दुष्कर्म के आरोपित शिक्षक अरविंद कुमार को बक्सर जिले के ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले में पहले ही आरोपित प्रधानाध्यापक इमाम अली अंसारी की गिरफ्तारी हो चुकी है।

——————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। अब आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।